वर्षः 1 अंक 246 नागौर, 11 अगस्त, 2022 (गुरूवार) मूल्य 5 रुपया पृष्ठ 4 E-Edition

www.nagaurdaily.com

RNI Title-Code :- RAJBIL27027

Email. nagaurdaily0@gmail.com

# नागौर डेली न्यूज

नागौर, कुचामनसिटी, डीडवाना, मकराना, परबतसर, जायल मेड़तासिटी, खींवसर, डेगाना व नावां से एक साथ प्रकाशित

अहसास बदलाव का...

रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बहुत-बहुत बधाई

कांग्रेस नेताओं के काले कपड़े पर पीएम मोदी का तंज

## कितना भी झाड़-फूंक और काला जादू कर लो, जनता दोबारा विश्वास नहीं करेगी

चंडीगढ़

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कांग्रेस समेत विपक्षी दलों पर जमकर हमला बोला। पीएम ने कहा कि 5 अगस्त को हमने देखा कि कैसे काला जादू फैलाने की कोशिश की गई। ये लोग सोचते हैं कि काले कपड़े पहनकर, उनकी निराशा का समय खत्म हो जाएगा, लेकिन उन्हें पता नहीं है कि वो कितनी ही झाड़-फूंक कर लें, कितना ही काला जादू कर लें, अंधविश्वास कर लें, जनता का विश्वास अब उन पर दोबारा कभी नहीं बन पाएगा।

पीएम ने पानीपत में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए रिफाइनरी के इंडियन ऑयल 2जी इथेनॉल प्लांट का उद्घाटन किया। इसी दौरान उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधा। कांग्रेस ने 5 अगस्त को महंगाई, जीएसटी और केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ संसद से सड़क तक प्रदर्शन किया था। सोनिया, प्रियंका और राहुल गांधी ने कांग्रेसी सांसदों के साथ काले कपड़े पहनकर जमकर नारेबाजी की थी।



### मुफ्त की रेवड़ियां बांटने का कल्चर खत्म हो : पीएम

नरेंद्र मोदी ने पॉलिटिक्स में फ्री में सारी सुविधाएं देने वाले कल्चर पर कहा कि अगर राजनीति में ही स्वार्थ होगा तो कोई भी आकर पेट्रोल-डीजल भी मुफ्त देने की घोषणा कर सकता है। ऐसे कदम हमारे बच्चों से उनका हक छीनेंगे, देश को आत्मनिर्भर बनने से रोकेंगे। ऐसी स्वार्थ भरी नीतियों से देश के ईमानदार टैक्स पेयर का बोझ भी बढ़ता ही जाएगा। उन्होंने कहा कि अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए ऐसी घोषणाएं करने वाले कभी नई टेक्नोलॉजी पर निवेश नहीं करेंगे। वो किसान से झूठे वादे करेंगे, लेकिन किसानों की आय बढ़ाने के लिए इथेनॉल जैसे प्लांट कभी नहीं लगाएंगे।

# 8वीं बार मुख्यमंत्री बने नीतीश

पटना.

नीतीश कुमार ने 8वीं बार बिहार के मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ले ली है। राज्यपाल फागू चौहान ने बुधवार को उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। नीतीश ने हिंदी में ईश्वर के नाम की शपथ ली। उनके तुरंत बाद तेजस्वी यादव ने डिप्टी सीएम पद की शपथ ली। शपथ लेते ही तेजस्वी ने मंच पर ही नीतीश कुमार के पैर छूकर आशीर्वाद लिया। इसके बाद नीतीश ने 2024 के लिए विपक्ष से एकजुट रहने की अपील की।

### शपथ के बाद भाजपा पर बरसे नीतीश

शपथ लेने के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मीडिया से बात की। नाम लिए बिना उन्होंने भाजपा पर हमला बोला। नीतीश ने कहा, 2014 में आने वाले, 2024 में रहेंगे तब ना। हम रहें या न रहें, वे 2024 में नहीं रहेंगे। मैं विपक्ष को 2024 के लिए एकजुट होने की अपील करता हूं। पीएम पद के सवाल पर उन्होंने कहा कि मैं इस पद का उम्मीदवार नहीं हूं।



### बेटे के शपथ में राबड़ी पहुंचीं, लालू नहीं आ सके

**बेटे तेजस्वी के शपथ समारोह में शामिल होने के लिए राबड़ी देवी भी राजभवन पहुंचीं। हालांकि तेजस्वी के पिता और राजद सुप्रीमो लालू यादव खराब सेहत की वजह से कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सके। शपथ से पहले नीतीश ने लालू से फोन पर बात करके उन्हें सियासी हालात की जानकारी दी।**

### शपथ ग्रहण के बाद नीतीश ने कहा- भाजपा अब 2024 के चुनाव की चिंता करे

पटना।

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शपथ ग्रहण करने के बाद बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार को 2024 के लोकसभा चुनाव के बारे में चिंता करनी चाहिए। नीतीश कुमार (71) ने आज आठवीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। उनके साथ राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने भी शपथ ली जो नयी सरकार में उपमुख्यमंत्री होंगे। शपथ ग्रहण के बाद नीतीश ने संवाददाताओं से बातचीत में भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा, '' उनकी तरफ से जदयू को हराने की कोशिश हुई। हम तो मुख्यमंत्री बनना भी नहीं चाहते थे। दबाव बनाया गया...क्या-क्या हुआ वो आप लोग देख रहे थे।'' यह पूछे जाने पर कि क्या वह अगले लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार होंगे तो उन्होंने कहा, ''मेरी कोई दावेदारी नहीं है।''

## गुजरात में भाजपा और कांग्रेस पर बरसे केजरीवाल, बोले- हम बिजली, रोजगार के मुद्दों को उठाते हैं

नई दिल्ली



गुजरात में विधानसभा चुनाव को लेकर तैयारी जोरों पर हैं। साल के आखिरी में गुजरात में विधानसभा के चुनाव हो सकते हैं। पंजाब में मिली जीत के बाद आम आदमी पार्टी भी लगातार दूसरे राज्यों में अपने पैर पसारने की कोशिश कर रही है। गुजरात में भी आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल लगातार दौरे कर रहै हैं। वहां लोगों से वह वादे कर रहे हैं। आज एक बार फिर से केजरीवाल गुजरात पहुंचे हैं। गुजरात पहुंचने पर उन्होंने कहा कि इस देश में 75वें स्वतंत्रता दिवस के बाद भी अगर लोग कहते हैं कि मुफ्त शिक्षा रेवड़ी है, तो गरीब कहां जाएगा... अपने दोस्त को 10 लाख करोड़ रुपये का कर्ज माफ करना गुनाह है, वो है फ्री की रेवड़ी है।

इसके साथ ही केजरीवाल ने भाजपा-कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि भाजपा और कांग्रेस आती हैं और एक दूसरे के खिलाफ बोल कर चली जाती हैं। वह लोगों के कल्याण के बारे में कभी बात नहीं करती। इसके साथ ही उन्होंने दावा किया कि हम कह रहे हैं कि हम सत्ता में आएंगे तो वो सब करेंगे जो दिल्ली में किया और पंजाब में कर रहे हैं। लेकिन भाजपा और कांग्रेस वाले ये नहीं करते। पहली बार लोगों को एक अच्छा विकल्प मिला है। गुजरात के महिलाओं को लेकर भी केजरीवाल ने बड़ा ऐलान किया है। गुजरात में केजरीवाल ने कहा है कि 18 साल से अधिक की सभी महिलाओं को उनकी सरकार बनने के बाद 1000 प्रति माह दिया जाएगा।

## किरोड़ी को लेकर मंत्री ने उठाए सरकार पर सवाल:रमेश मीणा बोले- सरकार की क्या मजबूरी है, गिरफ्तार नहीं किया जा रहा

जयपुर.

राज्यसभा सांसद डॉ. किरोड़ीलाल मीणा को लेकर ग्रामीण विकास मंत्री रमेश मीणा ने अपनी ही सरकार पर सवाल उठा दिए हैं। रमेश मीणा ने कहा- सरकार की ऐसी क्या मजबूरी है कि किरोड़ी को गिरफ्तार नहीं किया जा रहा। जब उनके ऊपर 5 केस से ज्यादा लगे हुए हैं, सारी रिपोर्ट हो चुकी है फिर भी उनकी गिरफ्तारी नहीं हो रही है। रमेश मीणा ने कहा- हमारे मुख्यमंत्री से कहना चाहता हूं कि जो रोजाना न्यूसेंस करता है, कितना प्रशासन लगा कितने लोगों को असुविधा हुई, ऐसे व्यक्ति को गिरफ्तार क्यों नहीं कर रहे हैं? यह एक बड़ा विषय है इस पर सोचने के लिए हम भी मजबूर हैं कि सरकार की ऐसी क्या मजबूरी है कि इन पर कार्रवाई नहीं होत और इन्हें गिरफ्तार नहीं करते हैं। रमेश मीणा प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। रमेश मीणा ने कहा- कई बार कह चुका हूं कि ऐसे लोगों का अस्तित्व समाप्त हो चुका है। फिर भी वे राजनीति में चर्चा में रहने के लिए दबंगई दिखाने के लिए कुछ लोगों को बुलाकर कहते हैं दो लाख लोग आए थे। कल दो लाख लोग थे तो जयपुर तक आते तो सही।

## कोरोना वायरस से फिर संक्रमित हुईं प्रियंका गांधी वाड्रा, ट्वीट कर दी जानकारी

नयी दिल्ली।

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने बुधवार को बताया कि वह कोरोना वायरस से संक्रमित हो गई हैं। वाद्रा ने ट्वीट करके यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वह घर में पृथकवास में हैं और कोविड से जुड़े सभी दिशानिर्देशों का पालन करेंगी। प्रियंका गांधी इससे पहले भी कोरोना वायरस से संक्रमित हो चुकी हैं। हाल के दिनों में कई कांग्रेस नेता कोरोना वायरस से संक्रमित हुए हैं। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पार्टी के मीडिया एवं प्रचार प्रमुख पवन खेड़ा, प्रवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी और कुछ अन्य नेता कोरोना वायरस से संक्रमित हैं।

# नुपुर शर्मा को सुप्रीम कोर्ट से मिली बड़ी राहत

## सभी मामले दिल्ली पुलिस देखेगी, जांच पूरी होने तक गिरफ्तारी पर रोक : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली।

पैगंबर मोहम्मद पर विवादित बयान को लेकर घिरीं भाजपा की पूर्व प्रवक्ता नूपुर शर्मा को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जेबी पारदीवाला की स्पेशल बेंच ने नूपुर के खिलाफ सभी केस दिल्ली ट्रांसफर करने का आदेश दिया है। अदालत ने कहा है कि अब दिल्ली पुलिस ही सभी मामलों की जांच करेगी।

वहीं, जांच पूरी होने तक नूपुर की गिरफ्तारी पर भी रोक लगा दी गई है। नूपुर ने जान का खतरा बताते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। इसमें कई राज्यों में उनके खिलाफ दर्ज की गई सभी एफआईआर को क्लब और ट्रांसफर करने की मांग की गई थी, जिस पर बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। अदालत ने नूपुर को अपने खिलाफ दर्ज एफआईआर रद्द कराने के लिए दिल्ली हाईकोर्ट जाने की अनुमति भी दे दी है।

### 1 जुलाई को कोर्ट ने कहा- सिर्फ आप जिम्मेदार

इससे पहले 1 जुलाई को हुई सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने नूपुर शर्मा को कड़ी फटकार लगाई थी। कोर्ट ने पैगंबर पर उनकी टिप्पणी के बाद हुई हिंसा के लिए उनको अकेले ही जिम्मेदार ठहराया था। कोर्ट ने तब कहा था कि नूपुर ने टेलीविजन पर धर्म विशेष के खिलाफ उकसाने वाली टिप्पणी की। उन्होंने लोगों की भावनाएं भड़काई हैं और देशभर में जो कुछ भी हो रहा है, उसकी जिम्मेदार नूपुर ही हैं। उन्होंने देश की सुरक्षा के लिए खतरा पैदा किया है।



### 19 जुलाई को भी गिरफ्तारी पर रोक लगाई थी

इससे पहले 19 जुलाई को हुई सुनवाई में कोर्ट ने 10 अगस्त तक उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगा दी थी। कोर्ट ने 8 राज्यों और केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया था। कोर्ट ने राज्यों को निर्देश दिया था कि नूपुर शर्मा के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जानी चाहिए।

### खाटूश्यामजी भगदड़ में मौत के बाद 4 अधिकारी सस्पेंड

सीकर।

खाटूश्याम में मची भगदड़ में तीन महिलाओं की मौत के बाद सरकार गंभीर नजर आ रही है। घटना के दिन खाटूश्यामजी थानाधिकारी रिया चौधरी को सस्पेंड करने के बाद अब दांतारामगढ़ एसडीएम राजेश कुमार मीणा और रींगस सीओ सुरेंद्र सिंह और दांतारामगढ़ तहसीलदार विपुल चौधरी को भी सस्पेंड कर दिया गया है। मंगलवार देर रात कार्मिक विभाग और पुलिस विभाग ने दोनों के सस्पेंड का आदेश जारी किया था। कार्मिक विभाग की ओर से जारी आदेश में बताया कि राजेश कुमार मीणा उपखंड अधिकारी दांतारामगढ़ के विरुद्ध विभागीय जांच कार्यवाही प्रस्तावित है। ऐसे में राजस्थान सिविल सेवा नियम,158 में राज्य सरकार राजेश कुमार मीणा को तुरंत प्रभाव से निलंबित करती है।

## कॉर्बेवैक्स के बूस्टर डोज को मिली मंजूरी

### देश में पहली बार अलग वैक्सीन के बूस्टर को अनुमति

नई दिल्ली।

केंद्र सरकार ने बुधवार को बॉयोलॉजिकल-ई कंपनी की कॉर्बेवैक्स वैक्सीन को बूस्टर डोज की तरह इस्तेमाल करने की मंजूरी दे दी। इसे कोवीशील्ड और कोवैक्सिन लगवा चुके वयस्क बूस्टर के तौर लगवा सकते हैं। ऐसा पहली बार हुआ है, जब बूस्टर डोज के लिए पहले लगाई गई वैक्सीन से इतर कोई वैक्सीन देश में लगाई जाएगी।

नेशनल टेक्निकल एडवाइजरी ग्रुप ऑफ इम्युनाइजेशन ने 2 अगस्त को हेल्थ मिनिस्ट्री से कॉर्बेवैक्स को बूस्टर डोज के तौर पर इस्तेमाल करने की सिफारिश की थी। भारत की पहली स्वदेशी रूप से विकसित आरबीडी प्रोटीन सबयूनिट वैक्सीन कॉर्बेवैक्स का इस्तेमाल फिलहाल 12 से 14 साल ऐज ग्रुप के बच्चों के वैक्सीनेशन में किया जा रहा है। कोवैक्सिन या कोवीशील्ड वैक्सीन लगवा चुके वयस्क, दूसरा डोज लगवाने की तारीख से 6 महीने या 26 हफ्ते बाद ही कॉर्बेवैक्स लगवा सकेंगे। जानकारी के मुताबिक, बूस्टर डोज के तौर पर मौजूदा गाइडलाइन में जल्द ही संशोधन किया जाएगा। कोविन पोर्टल पर भी कॉर्बेवैक्स को बूस्टर के तौर पर लगाए जाने से जुड़ी गाइडलाइंस में बदलाव किया जा रहा है।




**जुलाई में कोविड वर्किंग ग्रुप ने स्टडी की थी :** कोविड वर्किंग ग्रुप ने 20 जुलाई की बैठक में, डबल-ब्लाइंड रैंडमाइज्ड फेज-3 क्लिनिकल स्टडी के डेटा का रिव्यू किया था। इसके आधार पर वयस्क को लगाए जाने के बाद इसके असर को आंका गया। इसके बाद के रिजल्ट्स में कोविड वर्किंग ग्रुप ने पाया कि कॉर्बेवैक्स वैक्सीन को बूस्टर के तौर पर लगाने के बाद एंटीबॉडी में इजाफा हुआ है।

### देश में 16,047 नए कोरोना मामले आये, 54 और लोगों की मौत

**नयी दिल्ली।** भारत में एक दिन में कोरोना वायरस संक्रमण के 16,047 नए मामले सामने आने के बाद देश में संक्रमितों की संख्या बढ़कर 4,41,90,697 हो गई। वहीं, उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर 1,28,261 हो गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से बुधवार सुबह आठ बजे जारी अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, देश में संक्रमण से 54 और लोगों की मौत होने के बाद मृतक संख्या बढ़कर 5,26,826 हो गई। देश में कोविड-19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर 1,28,261 हो गई है, जो कुल मामलों का 0.29 प्रतिशत है।

पिछले 24 घंटे में उपचाराधीन मरीजों की संख्या में 3,546 की कमी दर्ज की गई। मरीजों के ठीक होने की राष्ट्रीय दर 98.52 प्रतिशत है और कोविड-19 से मृत्यु दर 1.19 प्रतिशत है।

## फिर बरसेंगे मेघ... प्रदेश के 5 जिलों में भारी बारिश की चेतावनी

### बांसवाड़ा, प्रतापगढ़ में 5 इंच तक बरसात, काली सिंध और कोटा बैराज से छोड़ा पानी

जयपुर।

उदयपुर, बांसवाड़ा, प्रतापगढ़, झालावाड़ सहित राजस्थान के दक्षिणी हिस्से में बारिश का दौर शुरू हो गया है। इन इलाकों में बीते 24 घंटे में अच्छी बरसात हुई है। बांसवाड़ा जिले के गढ़ी में सबसे ज्यादा करीब 5 इंच (120एमएम) बरसात हुई है। उधर, मध्य प्रदेश में तेज बारिश के कारण काली सिंध और चम्बल नदी में लगातार पानी आ रहा है। काली सिंध और कोटा बैराज से 14,472 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है।

मौसम केन्द्र जयपुर के मुताबिक, अगले 24 घंटे के दौरान दक्षिण-पूर्वी राजस्थान के 5 जिलों बांसवाड़ा, डूंगरपुर, प्रतापगढ़, उदयपुर व झालावाड़ में कहीं-कहीं भारी से अति भारी बारिश की आशंका जताई है। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार, मंगलवार देर रात से बुधवार अलसुबह तक बांसवाड़ा के गढ़ी में रुक-रुककर अच्छी बरसात हुई। बांसवाड़ा के सज्जनगढ़, कुशलगढ़, माही डैम में भी अच्छी बरसात हुई। माही बजाज सागर बांध में 10495 क्यूसेक पानी की आवक हुई, जिससे बांध का गेज 274.70 आरएल मीटर से बढ़कर 275 पर पहुंच गया है। बूंदी, झालावाड़, जोधपुर, प्रतापगढ़ और उदयपुर जिले के कई इलाकों में अच्छी बरसात हुई। प्रतापगढ़ शहर और उदयपुर के जयसमंद में 3 इंच से ज्यादा बरसात हुई है।



राजस्थान के अलावा मध्य प्रदेश के कई शहरों में पिछले कई दिनों से हो रही अच्छी बरसात के कारण राजस्थान में बहने वाली चम्बल, काली सिंध नदियों में लगातार पानी आ रहा है। इस कारण इन नदियों पर बने काली सिंध और कोटा बैराज बांध के गेट खोलकर लगातार पानी छोड़ा जा रहा है। पिछले 24 घंटे के दौरान कोटा बैराज के एक गेट से 2475 और काली सिंध के 2 गेट से 11997 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। ये लगातार जारी है। इसी तरह त्रिवेणी नदी के चलने से टोंक के बीसलपुर बांध का गेज भी लगातार बढ़ रहा है।

यहां पिछले 24 घंटे के दौरान 353 क्यूसेक पानी आने के बाद बांध का गेज 310.92 आरएल मीटर से बढ़कर 310.95 पर पहुंच गया। इसी तरह सेई बांध (सिरोही-उदयपुर) से लगातार पानी छोड़ा जा रहा है, जिससे पाली के जवाई बांध का गेज बढ़कर 9.14 आरएल मीटर से बढ़कर 9.28 आरएल मीटर पर पहुंच गया।

## सम्पादकीय

# बर्मिंघम में परचम

इस बार बर्मिंघम में हुए राष्ट्रमंडल खेलों में भारत के खिलाड़ियों ने एक बार फिर अपना परचम लहरा कर साबित कर दिया कि दुनिया में वे किसी से कहीं कम नहीं हैं। बाईस स्वर्ण पदकों के साथ भारत चौथे स्थान पर रहा। खेल के आखिरी दिन भी भारत ने स्वर्ण पदक जीत नया इतिहास रचा। बैडमिंटन, भारोत्तोलन, मुक्केबाजी और कुश्ती जैसे खेल में उपलब्धियां दमदार रहीं।

बैडमिंटन में तो कहने ही क्या! पीवी सिंधु और लक्ष्य सेन ने तो स्वर्ण पदक जीते ही, सात्विक साइराज और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने भी स्वर्ण पदक कब्जा कर भारतीय बैडमिंटन को नए मुकाम पर पहुंचा दिया। पीवी सिंधु की यह उपलब्धि इसलिए भी यादगार बन गई कि उनका यह पदक देश का दो सौ वां स्वर्ण पदक बन गया। इसके अलावा सिंधु ने 2014 में चैंपियन रही मिशेल को हरा कर अपना पुराना हिसाब भी चुकता कर लिया। इसी तरह भारोत्तोलन में मीराबाई चानू और कुश्ती में साक्षी मलिक ने अपना झंडा गाड़ा। मुक्केबाजी में निकहत जरीन, नीतू गंघास और कुश्ती में विनेश फोगाट ने स्वर्ण पदक जीत बता दिया कि खेल की दुनिया में भारत की बेटियां कैसे नए कीर्तिमान बना सकती हैं!

देखने की बात यह है कि इस बार राष्ट्रमंडल खेलों में दिग्गज खिलाड़ियों ने तो देश का मान बढ़ाया ही, उन खिलाड़ियों ने भी पदक तालिका में देश को जगह दिलाने में कोई कसर नहीं छोड़ी जिनके बारे में हम ज्यादा नहीं जानते। साथ ही उन खिलाड़ियों ने भी एक नया रास्ता दिखाया जिन्होंने अपनी शुरुआत तो किसी और खेल से की थी, पर बाद में खेल को बदल लिया। मिसाल के तौर पर मणिपुर की बिंदिया ने 2008 से 2012 तक ताइक्वांडो में हाथ आजमाया था, पर बाद में भारोत्तोलन को चुना और इस बार रजत पदक जीत नई उम्मीदें जगा दीं।

रांची की लवली चौबे पहले धाविका थीं, पर बाद में लान बाल्स में कदम रखा और तीन साथियों के साथ इस बार स्वर्ण जीत करिश्मा कर दिया। मिजोरम के उन्नीस साल के जेरेमी लालरिननुंगा ने राष्ट्रमंडल खेल में पहली बार में ही भारोत्तोलन में स्वर्ण पदक जीत सबको हैरत में डाल दिया। जबकि छह साल की उम्र से ही उन्होंने मुक्केबाजी का प्रशिक्षण लेना शुरू कर दिया था। और पंजाब की हरजिंदर कौर को कैसे भूला जा सकता है जिन्होंने शुरुआत तो कबड्डी से की थी, लेकिन बाद में भारोत्तोलन को चुना और इस बार कांस्य जीता।

इन सभी खिलाड़ियों ने इस बात की मिसाल कायम की है कि दूसरे किसी खेल का चुनाव करके भी उसमें भविष्य बनाया जा सकता है। इसके अलावा टेबल टेनिस में चालीस साल के अचंता शरत कमल ने सोलह साल बाद स्वर्ण जीत कर साबित कर दिया कि खेल में उम्र कहीं आड़े नहीं आती।

पदकों के लिहाज से देखें तो भारत इस बार बाईस स्वर्ण पदकों सहित इकसठ पदकों के साथ चौथे स्थान पर रहा है। जबकि पिछली बार गोल्डकोस्ट में आयोजित खेलों में छब्बीस स्वर्ण पदकों सहित कुल छियासठ पदक जीत तीसरे स्थान पर था। याद किया जाना चाहिए कि 2010 में दिल्ली में आयोजित राष्ट्रमंडल खेलों में भारत ने अड़तीस स्वर्ण पदक सहित एक सौ एक पदक जीते थे और दूसरे स्थान पर रहा था। खेलों में हमारी यह उपलब्धि संतोषजनक ही नहीं, बल्कि काबिले तारीफ है। पर साथ ही यह सवाल भी उठता ही है कि आखिर कमी कहां रह जाती है कि हम शीर्ष को नहीं छू पाते। इस पर गंभीरता से सोचने की जरूरत है।

# महंगी पड़ेगी महंगाई

**आरबीआई ने हाल में अपनी द्विमासिक समीक्षा बैठक में ब्याज दर में पचास आधार अंकों की वृद्धि की है। मई 2022 से अब तक ब्याज दर में तीन बार में एक सौ चालीस आधार अंकों की वृद्धि की जा चुकी है। आरबीआई की प्रमुख ब्याज दर (रेपो रेट) अब 5.40 फीसद है। केंद्रीय बैंक ने अगली समीक्षा बैठक में इसमें पचास आधार अंकों की और वृद्धि करने के संकेत दिए हैं। साल के अंत तक रेपो दर छह फीसद से ऊपर चली जाए तो आश्चर्य नहीं। रेपो दर ब्याज की वह दर है, जिस पर वाणिज्यिक बैंक आरबीआई से कर्ज लेते हैं। बैंक जब महंगा कर्ज उठाएंगे तो उपभोक्ताओं को भी कर्ज महंगा पड़ेगा। स्वाभाविक रूप से वाणिज्यिक बैंक आरबीआई से कम कर्ज लेंगे। उपभोक्ता भी बैंकों से महंगा कर्ज लेने से बचेंगे। इससे बाजार में तरलता घटेगी तो मांग भी घट जाएगी। परिणामस्वरूप महंगाई नीचे आएगी। आरबीआई का यह नीति-शास्त्र महंगाई घटाने में कितना कारगर होगा, यह वक्त बताएगा। हालांकि देखा जाए तो पिछले कुछ समय के दौरान यह उपाय कारगर साबित होता नहीं दिखा है। फिलहाल, इस पूरी कवायद से स्पष्ट है कि देश की अर्थव्यवस्था पर महंगाई का भारी दबाव है।**

**महंगाई** एक हद तक बुरी नहीं होती, बशर्ते उसी अनुपात में कमाई हो। कमाई के अभाव में महंगाई आम आदमी और अर्थव्यवस्था के लिए काल बन जाती है। महंगाई के कारण बाजार में मांग घट जाती है। मांग घटने पर यदि उत्पादन भी घटाया गया तो बेरोजगारी बढ़ती है और इससे अर्थव्यवस्था सुस्त पड़ जाती है। महंगाई कोई औचित्य का विषय नहीं जिसे खारिज कर देने से बात खत्म हो जाए। यह अनुभव का विषय है, आमजन की जेब और जिंदगी से जुड़ा हुआ। अनुभव बता रहा है कि महंगाई चरम पर है। महंगाई नियंत्रक भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) भी इससे हामी रखता है। इस तथ्य से भी कि निकट भविष्य में महंगाई से मुक्ति नहीं मिलने वाली। यह अमुक्ति आम आदमी और अर्थव्यवस्था पर महंगी पड़ने वाली है। मंद मांग के बीच महंगाई का लगातार ऊपर रहना अर्थव्यवस्था के कठिन काल का संकेत है। महंगाई की ऊंची दर अर्थव्यवस्था के लिए अच्छी नहीं होती, खासतौर से तब जब आम जनता की जेब खाली हो। अभाव की जिंदगी वैसे भी कठिन होती है। महंगाई की मार आमजन की कमर तोड़ सकती है। ऐसे में अर्थव्यवस्था कैसे बचेगी!

सरकार ने आरबीआई की सहमति से उसे पांच साल तक (पहली अप्रैल, 2021 से 31 मार्च, 2026 तक) महंगाई दर दो से छह फीसद के बीच बनाए रखने का लक्ष्य दिया था। लेकिन जनवरी 2022 से ही महंगाई आरबीआई की लक्षित अधिकतम सीमा छह फीसद से ऊपर तैर रही है। वित्त विधेयक-2015 के जरिए आरबीआई अधिनियम में जो संशोधन किए गए थे, उसमें यह प्रावधान है कि यदि आरबीआई महंगाई दर को लगातार तीन तिमाही तक निर्धारित अधिकतम सीमा के अंदर रख पाने में विफल रहता है तो उसे वित्त मंत्रालय को लिखित में विफलता के कारण और उसके निवारण के उपाय बताने होंगे।

लगातार दो तिमाहियों (जनवरी 2022 से जून 2022 तक) में महंगाई दर क्रमश: 6.36 फीसद और 7.28 फीसद रही है। आगामी दो तिमाहियों में भी इसके छह फीसद से ऊपर (जुलाई-सितंबर 2022 में 7.1 फीसद और अक्तूबर-दिसंबर 2022 में 6.4 फीसद) रहने का आरबीआई ने अनुमान लगाया है। यानी केंद्रीय बैंक को अब सितंबर में वित्त मंत्रालय को लिखित में बताना ही होगा कि महंगाई नियंत्रण में क्यों नहीं आई। आरबीआई अपने पत्र में भावी कदम का मसौदा भी प्रस्तुत करेगा। देखना यह होगा कि सरकार की उस पर क्या प्रतिक्रिया होती है। बहरहाल, यह अपने आप में एक बड़ी घटना होगी। सवाल उठता है कि अर्थव्यवस्था में महंगाई और उसे रोकने के आरबीआई के कदम के क्या निहितार्थ और गूढ़ार्थ हैं? महंगाई एक हद तक बुरी नहीं होती, बशर्ते उसी अनुपात में कमाई होती रहे। कमाई के अभाव में महंगाई आम आदमी और अर्थव्यवस्था के लिए काल बन जाती है। महंगाई के कारण बाजार में मांग घट जाती है। मांग घटने पर यदि उत्पादन भी घटाया गया तो बेरोजगारी बढ़ती है, अर्थव्यवस्था सुस्त पड़ जाती है। आरबीआई का ब्याज दर बढ़ाने का कदम भी मांग घटाने पर ही केंद्रित होता है। उसे लगता है कि जब बाजार में मांग घटेगी तो महंगाई नीचे आएगी। लेकिन महंगाई को नियंत्रित करने का यह एक कृत्रिम उपाय है। इससे



महंगाई के लक्षण तो कम हो सकते हैं, पर बीमारी नहीं जाती। कई मामलों में ऐसा करना अर्थव्यवस्था के लिए नुकसानदायक भी साबित होता है। लेकिन रुपए को गिरने से बचाने और विदेशी पूंजी भंडार को संभालने के लिए ब्याज दर में वृद्धि आरबीआई की मजबूरी है। इन दिनों रुपया भी बेदम है और विदेशी पूंजी भंडार घटा हुआ करीब पांच सौ चौहत्तर अरब डालर पर आ गया है। इसके पीछे अमेरिकी फेडरल रिजर्व की ब्याज दर वृद्धि प्रमुख कारण है। यानी आरबीआई की ब्याज दर वृद्धि तब तक जारी रहने वाली है, जब तक फेडरल रिजर्व ब्याज दर बढ़ाने की अपनी मुहिम पर विराम नहीं लगा देता। रुपए का मोल डॉलर के मुकाबले ही तय होता है।

ब्याज दर बढ़ने से कर्ज महंगा होगा तो कारोबार प्रभावित होंगे। रियल एस्टेट और एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु एवं मझौले उद्यम) क्षेत्र खासतौर से चपेट में आएंगे। नोटबंदी के कारण दोनों क्षेत्र पहले से ही संकट में रहे हैं। फिर महामारी ने भी इन्हें तोड़ डाला। दोनों क्षेत्र अपने को फिर से खड़ा करने की कोशिश ही कर रहे थे कि नई मुसीबत आ खड़ी हुई है। आरबीआई के आंकड़े बताते हैं कि सूक्ष्म और लघु उद्यमों का कर्ज जून 2022 में 23.7 फीसद बढ़ कर 14.29 लाख करोड़ रुपए हो गया, जो साल भर पहले जून 2021 में 11.55 लाख करोड़ रुपए था। इस बीच भारतीय स्टेट बैंक के आर्थिक अनुसंधान विभाग ने अपनी ताजा इकोरैप रपट में कहा है कि रेपो रेट में एक सौ चालीस आधार अंकों की वृद्धि से खुदरा और एमएसएमई क्षेत्र की कर्ज लागत लगभग 42,500 करोड़ रुपए बढ़ जाएगी। दरअसल, इस क्षेत्र के 39.2 फीसद कर्ज बाह्य मानदंडों (ईबीआर) से जुड़े हैं, जिनकी लागत रेपो रेट के बढ़ने-घटने पर निर्भर करती है। कर्ज लागत बढ़ने से प्रतिस्पर्धी बाजार में सस्ते उत्पाद देने की एमएसएमई की चुनौती बढ़ जाएगी और बेरोजगारी दर बढ़ने का खतरा बढ़ जाएगा। नतीजा यह होगा कि अर्थव्यवस्था प्रभावित होगी। महामारी का असर कम होने के बाद वित्त वर्ष 2022 में रियल एस्टेट क्षेत्र में मांग लौटती दिखी थी। लेकिन ब्याज दर में वृद्धि घर के रास्ते का नया रोड़ा बन गई। घर खरीदने के इच्छुक लोगों को कर्ज पर अप्रैल के मुकाबले अब अधिक ब्याज चुकाना होगा। ऊंची ब्याज दर से उपभोक्ताओं पर दोहरी मार पड़ेगी। एक तरफ मकान महंगे हो जाएंगे, दूसरी तरफ मकान खरीदने के लिए कर्ज भी महंगा मिलेगा। यानी इस क्षेत्र में एक बार फिर मांग घटने की संभावना बन रही है। इसका असर बेरोजगारी और अर्थव्यवस्था में सुस्ती के रूप में सामने आएगा।

## आज का राशिफल

### मेष
आज मन व्याकुल रहेगा और शरीर में आलस्य छाया रहेगा। स्वास्थ्य कुछ नरम-गरम हो सकता है। काम में सफलता देर से मिलेगी। व्यापार या जॉब के सिलसिले में कहीं बाहर जाने का कार्यक्रम हो सकता है।

### वृषभ
सरकार विरोधी काम और एक्टिविटी से दूर रहने की सलाह आपको दी जाती है। नए काम की शुरुआत ना करें। स्वास्थ्य भी बिगड़ सकता है। मन में किसी बात की चिंता रह सकती है। दूसरों के साथ बातचीत करने में विशेष ध्यान रखें।

### मिथुन
आज का दिन सुख और शांतिपूर्वक गुजार सकेंगे। दैनिक कामों में कुछ ज्यादा ही व्यस्त रह सकते हैं। मन को प्रसन्न रखने के लिए आप मनोरंजन का सहारा लेंगे। मित्रों के साथ बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है।

### कर्क
किसी तरह का आर्थिक लाभ आपको हो सकता है। व्यापार करने वालों के लिए आज का दिन लाभदायी है। काम की सफलता के कारण पदोन्नति और यश मिलेगा। दोपहर के बाद आप मनोरंजन के लिए कहीं बाहर जा सकते हैं।

### सिंह
साहित्य-कला के प्रति आज आप में रुचि रहेगी। पेट से सम्बंधित परेशानी से शरीर अस्वस्थ रह सकता है। दोपहर के बाद आर्थिक संकट मिट सकता है। घर का वातावरण आनंदमय रहेगा। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

### कन्या
किसी बात की चिंता से आज शरीर भी शिथिल रहेगा। माता का भी स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। परिजनों के साथ विवाद हो सकता है। धन हानि के भी योग हैं। पानी से संभलकर चलें। यात्रा न करें।

### तुला
आज का दिन नए काम शुरू करने के लिए अनुकूल है। आध्यात्मिक और ज्योतिष जैसे विषयों में आज आपकी रुचि बनी रहेगी। विवाद से आपका सम्मान भंग हो सकता है, ध्यान रखें। घर में कलेश का वातावरण रहेगा।

### वृश्चिक
परिजनों के साथ मनदु:ख की स्थिति आ सकती है। वाणी पर संयम रखना होगा। काम में अपेक्षित सफलता नहीं मिलेगी। काम का भार अधिक रहेगा परंतु दोपहर के बाद किसी बात की खुशी मिल सकती है।

### धनु
आज आपको आर्थिक लाभ मिलने के संकेत हैं। किसी स्नेहीजन के घर मांगलिक प्रसंग में उपस्थित रहना होगा। किसी मंदिर या धार्मिक जगह पर जाना हो सकता है। दांपत्यजीवन में सुख और आनंद मिलेगा।

### मकर
दोपहर के बाद परिजनों के साथ किसी कारणवश कोई कन्फ्यूजन हो सकता है। आपको मेहनत का उचित परिणाम नहीं मिलने से निराशा होगी। आपका मन किसी एक निश्चित निर्णय लेने की स्थिति नहीं रहेगा।

### कुंभ
कोर्ट कचहरी के मामलों से आज दूर रहें। मन में किसी बात को लेकर आज चिंता रह सकती है। आपके नकारात्मक विचार काम पर सीधा प्रभाव डालेंगे। वाणी पर संयम रखें। दुर्घटना का भय बना रहेगा।

### मीन
आज के दिन की शुरुआत लाभदायी है। सामाजिक और आर्थिक क्षेत्र में आप प्रगति करेंगे। किसी नए व्यक्ति से रिश्ता बन सकता है। दोपहर के बाद स्वास्थ्य कुछ बिगड़ेगा। परिवार में मनदु:ख होने से घर का वातावरण दूषित होगा।

## प्रदेश समाचार

# गौवंश में फैली लंपी स्किन की रोकथाम के पुख्ता प्रबंध करें : शाले मोहम्मद

जयपुर।

अल्पसंख्यक मामलात मंत्री शाले मोहम्मद ने बुधवार को जैसलमेर के पोकरण में उपखण्ड स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर क्षेत्र में फैली लंपी स्किन की वजह से हुई गायों की मौत, सर्वे, बचाव के लिए किए गए प्रबंधन की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि यहां के लोग किसान एवं पशुपालक हैं, लोगों की आजीविका पशुओं पर निर्भर है। लंपी स्किन से गायों की मौत की रोकथाम को लेकर बेहतर प्रबंध करने, मृत गायों को निर्धारित



प्रोटोकोल के मुताबिक दफनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस बीमारी को अधिक फैलने से रोकना जरूरी है। इसके पूरे पुख्ता प्रबंध करें। शाले मोहम्मद ने एक दिन पूर्व जैसलमेर कलेक्ट्रेट में भी अधिकारियों की बैठक लेकर लंपी स्किन से हुई गायों की मौत एवं बचाव कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए थे।

**जनसुनवाई कर सुने अभाव अभियोग :** अल्पसंख्यक मामलात मंत्री शाले मोहम्मद ने पोकरण में जनसुनवाई कर आमजन की परिवेदनाएं सुनी एवं संबंधित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए।

चाचा गांव में छात्रों ने उनसे मुलाकात कर विज्ञान संकाय खोलने की मांग की, इस पर शाले मोहम्मद ने जल्द ही समाधान करने का भरोसा दिलाया। वहीं ग्रामीणों ने स्कूल क्रमोन्नत के लिए आभार भी जताया।

# अस्थाई आधार पर 200 पशु चिकित्साधिकारियों व 300 पशुधन सहायकों की होगी भर्ती

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि राज्य में गौवंश में फैली लम्पी स्किन डिजीज जैसी महामारी के उपचार एवं रोकथाम के लिए हर स्तर पर पुख्ता प्रबन्ध किये जा रहे है। उन्होंने बताया कि लम्पी स्किन रोग से प्रभावित जिलों में आवश्यक अस्थाई आधार पर 500 पदों पर भर्ती को मंजूरी दी गई है। उन्होंने भर्ती प्रक्रिया शीघ्र ही पूर्ण किये जाने निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार पशुधन के संरक्षण और संवर्धन के लिए कृतसंकल्पित है। प्रदेश के कई जिलों के पशुओं में लम्पी स्किन रोग का संक्रमण तेजी से फैला है, लेकिन जल्द से इस पर नियंत्रण पा लिया जाएगा। सरकार द्वारा दवाईयों, चिकित्सकों, एंबुलेंस सहित अन्य आवश्यकताओं के लिए धन की कमी नहीं आने दी जाएगी। राज्य सरकार हर समय पशुपालकों के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से हम इस संक्रमण से भी निजात पा सकेंगे।







# नाबालिग की हत्या के आरोपियों की हो तत्काल गिरफ्तारी

## खुनखुना प्रकरण को लेकर सर्व समाज के लोगों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** बुधवार को खुनखुना प्रकरण को लेकर सर्व समाज के लोगों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए डेगाना उपखंड कार्यालय में एसडीएम पंकज गढ़वाल को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नाम ज्ञापन सौंपा। सर्व समाज के लोगों ने खुनखुना में हुई नाबालिग लड़की की हत्या के आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की। ज्ञापन में बताया कि पुलिस ने उक्त घटना के आरोपियों को गिरफ्तार करने के बाद फरार करवा दिया, जिन्हें आज तक पुन: गिरफ्तार नहीं किया गया हैं। इस प्रकरण में पुलिस की भूमिका भी संदिग्ध हैं। दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ भी कार्रवाई होनी चाहिए। तथा एक मुख्य आरोपी के अलावा अन्य लोगों की भी जल्दी से जल्दी गिरफ्तारी होनी चाहिए अन्यथा बड़ा आंदोलन किया जाएगा। ओर पीड़ित परिवार को पचास लाख रुपये मुआवजा एवं एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए। इस अवसर पर शिक्षाविद भंवरु खान, देशवाली समाज सचिव मस्ती मोहम्मद, सुल्तान मोहम्मद, गफ्फार रिजवी, अहसान अहमद, भंवरु खान, आमिर खान, रफीक खान, मोहम्मद गफ्फार, इकबाल खान, मुद्दीन खान, जमील खान, हनीफ खान, सुबराती खान, किशन सिंह, समीर खान, शब्बीर खान, सफी खींची, ओमप्रकाश, रफीक खान मौलाना, बरकती मौलाना, हनीफ खान सहित सभी समाज के सभी लोग उपस्थित रहे सहित बड़ी संख्या में प्रबुद्धजन मौजूद रहे।

# 5000 हजार तिरंगों का होगा नि:शुल्क वितरण, तिरंगा रैली 13 को

जुगल किशोर




**हरसौर( नागौर डेली न्यूज ) :** आजादी के अमृत महोत्सव के तहत ग्राम भेरुन्दा में 13 अगस्त प्रात: 9 बजे तिरंगा रैली आयोजित होगी। बुधवार को पंचायत समिति प्रधान जसवंत सिंह थाटा ने जानकारी देते हुए बताया कि पंचायत समिति क्षेत्र की 23 ग्राम पंचायतों में करीब 5000 तिरंगे झंडों का वितरण निशुल्क किया जाएगा। प्रधान थाटा ने अपने निजी खर्च पर सूरत से 5000 झंडे बनवाएं हैं। उन्होंने कहा कि 13 अगस्त से लेकर 15 अगस्त तक सभी अपने ऑफिस और घरों पर तिरंगा लगाएं। देशभक्ति की भावना पैदा करने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन लोगों के मन में एक अमिट छाप छोड़ेंगे। इससे वे जिम्मेदार नागरिक बन सकेंगे और राष्ट्र निर्माण में योगदान दे सकेंगे। संयोजक कुलदीप सिंह ने बताया कि बालाजी बस स्टैंड से बाइक तिरंगा रैली में सैकड़ों बाइक सवार युवा शामिल होंगे। रैली को लेकर तैयारियां की जा रही हैं।

# आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर मोटरसाईकिलों पर निकाली तिरंगा रैली



पुखराज तानाण

**बड़ी खाटू( नागौर डेली न्यूज ) :** आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर बड़ी खाटू के युवाओं द्वारा बाइक पर तिरंगा रैली निकाली गई। इस अवसर पर युवाओं के हाथों में तिरंगा लहराया। देशभक्ति नारों और देश भक्ति गीतों की धुनों पर युवा झूमते हुए होली चौक से रैली को प्रस्थान कर मुख्य चौराया, रेलवे स्टेशन , हिंदू बेरा होते हुए मुख्य स्थानों से रैली निकाली गई। इस अवसर पर संत नानकदास महाराज के सानिध्य और खाटू प्रिंस ग्रुप और समाज सेवी और युवा नेता परमवीर सिंह के साथ बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया।

# हर घर तिरंगा अभियान के तहत निकाली जागरूकता रैली

## रियांबड़ी कस्बे में देशभक्ति की बही सरिता

इलियास खान

**रियांबड़ी( नागौर डेली न्यूज )।** कस्बे में बुधवार को मेला मैदान से हर घर तिरंगा अभियान के तहत जागरूकता रैली निकाली। सरपंच गिरधारी लाल भाटी ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा रैली निकालकर लोगों को 13 से 15 अगस्त तक अपने घरों में तिरंगा फहराने को प्रेरित किया जा रहा है। हर घर तिरंगा अभियान के तहत कस्बे के बस स्टैंड सहित मुख्य बाजार व विभिन्न चोराया होते हुए राईका बाग़ व सदर बाजार होते हुए पुन: मेला मैदान पहुँच कर सलामी देते हुए अभियान को सफल बनाया । किसान मोर्चा नागौर जिलाध्यक्ष मदन राम गोरा के नेतृत्व में रैली को ऊंचाइयां देते हुए हर घर तिरंगा, घर घर तिरंगा सहित हिंदुस्तान जिंदाबाद से पूरा माहौल गुंजायमान रहा ओर देश भक्ति की लहर दौड़ पड़ी। इस मौके पुलिस के जवान गोविंद टाडा, कांस्टेबल भोजराज सिंह, मुकेश यादव, नरेंद जोलया ने शांति व्यवस्था को संभालते हुए सराहनीय सेवाएं दी । हर घर तिरंगा अभियान की जागरूकता रैली में सरपंच गिरधारीलाल माली, भाजपा मंडल अध्यक्ष भंवरसिंह राठौड़, पूर्व सरपंच हेमलता पंवार, उपसरपंच सत्यनारायण वैष्णव, हनुमान शर्मा, अन्नाराम बावरी, मुरारी खण्डेलवाल, सुनील बगेरिया, मेघाराम सामरिया, ओमप्रकाश भाटी, दीपेंद्र सिंह, राजू ओझा, मुकेश माली , गोपाल मिस्त्री , सुनिल पारीक सहित कई लोग शामिल रहे।

# शिक्षकों ने सौंपा एसडीएम को ज्ञापन

अबूबकर बल्खी

**लाडनूँ( नागौर डेली न्यूज ) :** राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) उपशाखा लाडनू के अपने प्रदेशव्यापी कार्यक्रम में तृतीय श्रेणी अध्यापकों के स्थानांतरण पर रोक के विरोध में लाडनूं ब्लॉक अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह जोधा के नेतृत्व में मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री को उपखंड अधिकारी लाडनूं के माध्यम से ज्ञापन दिया गया । उपशाखा लाडनू के मंत्री प्रवीण शर्मा ने बताया कि पिछले कई वर्षों से तृतीय श्रेणी शिक्षकों के स्थानांतरण नहीं किए गए कई बार आवेदन लेते हैं लेकिन स्थानांतरण प्रक्रिया पर रोक लगा देते हैं जिससे तृतीय श्रेणी अध्यापकों में भारी रोष है।

# सांजू से छोटी खाटू तक जायल विधायक के नेतृत्व में निकाली गौरव यात्रा

## 25 किमी तक पैदल चले कांग्रेसी

पुखराज तानाण



**बड़ीखाटू( नागौर डेली न्यूज ) :** आजादी के 75 साल पूरा होने के मौके पर कांग्रेस की ओर से देश भर में गौरव यात्रा निकाली जा रही है भारत जोड़ो अभियान के जरिए देशवासियों को बताया जाएगा कि आजादी हासिल करने के लिए कितना संघर्ष करना पड़ा था और कितनी कुर्बानियां भी हमें देनी पड़ी थी। देश भर की तरह नागौर से चली यात्रा जायल तहसील के लुणसरा , खिंयाबास , बड़ी खाटू से छोटी खाटू तक पहुची जायल विधायक डॉ मंजू देवी मेघवाल के नेतृत्व पैदल गौरव यात्रा निकाली गयी। जायल विधानसभा के लूणसरा से जायल विधायक और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गौरव यात्रा के तहत पैदल मार्च शुरू किया और रास्ते में ग्रामीणों को आजादी कैसे मिली और अन्य संदेश दिए गए । इस मौके पर जायल विधायक डॉ मंजू देवी मेघवाल ने कहा कि कांग्रेस भाजपा की 'भारत तोड़ो' की राजनीति का भी जवाब 'भारत जोड़ो' अभियान से दे रही है जिले में पैदल मार्च निकालकर जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है खिंयाबास, बड़ी खाटू में कॉंग्रेस कार्यकर्ताओ ने पुष्पवर्षा करके गौरव यात्रा का स्वागत किया।

### उन सभी महापुरुषों को नमन जिन्होंने देश को तन मन धन से आजादी दिलाई

वहीं पूर्व उप जिला प्रमुख डॉ सहदेव चौधरी ने कहां कि आजादी के 75 वर्षों के बाद भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस उन सभी को कोटिश श्रद्धांजलि अर्पित करती है। हमारे हज़ारों लाखों पूर्वजो ने तन मन धन से ये आजादी के लिए संघर्ष किया था। उन्होंने अपने सामर्थ्य अनुसार अपना योगदान दिया था। जिलाध्यक्ष जाकिर हुसैन ने कहा कि भाजपा की कूटनीति से उनकी पार्टी न तो डरने वाली है और न ही घबराने वाली है जिन्होंने अंग्रेजों के विरुद्ध भारत की आजादी के लिए लड़ाई लड़ी। आज, जबकि नफरत की राजनीति को उन लोगों द्वारा बढ़ाया जा रहा है, जिन्होंने कभी भी देश के स्वतंत्रता आंदोलन में भाग नहीं लिया।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर पूर्व विधायक हबीबु रहमान ,पूर्व प्रधान ओमप्रकाश सैन, यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष हनुमान बांगडा , पूर्व प्रधान रिद्धकरण लोमरोड़, मुंडवा पूर्व उप प्रधान प्रताप राम भाकर , उप प्रधान तिलोक राम रोज , नागौर से श्रवण कुमार मानव , मोतीलाल चन्देल , राजस्थान युवा कॉंग्रेस प्रदेश सचिव राजेश रलिया, कांग्रेस वरिष्ठ नेता राधेश्याम सांगवा कई सरपंच कांग्रेसी पदाधिकारी पैदल मार्च मे मौजूद रहे।

# एलबीएस एकेडमी में राखी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



दिनेश कड़वासरा

**गोटन( नागौर डेली न्यूज ) :** एलबीएस एकेडमी गोटन में राखी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। राखी प्रतियोगिता की प्रभारी मुस्कान ने दो दिन से बच्चों को अपने हाथ से राखी बनाने का अभ्यास करवा कर राखी प्रतियोगिता को सफल बनाया ।

छात्राओं ने अपने हाथ से बहुत ही सुंदर सुंदर राखी बनाई। तीन स्टाफ जजेज के माध्यम से निर्णय करवाया गया। जिस में पहले स्थान पर दो छात्रा कोमल गुर्जर, सुनीता रैगर, दूसरे स्थान पर भी दो छात्रा टीना सेन, तनुश्री टेलर और तीसरे स्थान पर भी दो छात्रा मनीषा कसवा, कृष्णा भड़ला रही । संस्था निदेशक शिवदान राम बापेड़िया ने बताया की राखी प्रतियोगिता का आयोजन एलबीएस एकेडमी स्कूल प्रांगण में किया गया जिसमें स्थान प्राप्त करने वाले सभी छात्राओं को बहुत-बहुत बधाई और जो स्थान प्राप्त नहीं कर पाए उनको और अधिक अभ्यास करके अपना आगे की प्रतियोगिता में सफल होने के लिए उत्साह वर्धन किया गया हैं।

राखी प्रतियोगिता के सह निदेशक दिनेश करवासडा ने बताया की सभी प्रतिभागियों का हार्दिक अभिनंदन करते हुए इससे पहले भी हमने मेहंदी प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया आज रक्षाबंधन पर्व के उपलक्ष पर राखी प्रतियोगिता करवा कर बच्चों में स्किल डेवलपमेंट के बारे में जानकारी दी। एलबीएस एकेडमी गोटन का निरंतर यही अभ्यास रहता है की बच्चों में पढ़ाई के साथ-साथ अन्य एक्टिविटीज में अच्छा प्रदर्शन हो इसलिए सह शैक्षिक गतिविधियों का वर्ष पर्यंत आयोजन करवाए जाते हैं।

# नेत्र शल्य चिकित्सा शिविर में 104 रोगी लाभान्वित



सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** लॉयन्स क्लब कुचामन फोर्ट एवं लॉयन्स क्लब कुचामन फोर्ट सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में रामानंद चन्द्रकुमार वर्मा के सौजन्य से जिला अन्धता निवारण समिति जयपुर एवं शंकरा नेत्र अस्पताल जयपुर के सहयोग से माहेश्वरी भवन में नि:शुल्क नेत्र जांच एवं लेंस प्रत्यारोपण शिविर आयोजित किया गया। ट्रस्ट अध्यक्ष लॉयन राम काबरा ने बताया दृष्टि दोष से पीड़ितों को नेत्र ज्योति प्रदान करवाना लॉयन्स क्लब का मुख्य सेवा कार्य है के तहत आयोजित शिविर में शंकरा अस्पताल जयपुर के नेत्र रोग चिकित्सक टीम ने 104 रोगियों को जांच कर 25 को ऑपरेशन के लिये चयन किया चयनित रोगियों को बस द्वारा शंकरा अस्पताल जयपुर भेजा गया जिनके गुरुवार को ऑपरेशन किये जायेंगे। संरक्षक लॉयन पवन जैन ने बताया रोगियों के भोजन, आवास, चश्मे एवं दवाईयों की व्यवस्था नि:शुल्क रहेगी। सहसचिव लॉयन रचित नंदवाना ने बताया माहेश्वरी भवन ट्रस्टी गोरधन सोमानी, माहेश्वरी एकता पत्रिका के संस्थापक राजेश गिलड़ा, मानवाधिकार मंच के नागौर जिलाध्यक्ष मुन्नालाल काछवाल ने शिविर का अवलोकन कर क्लब के सेवा कार्यों की सराहना की एवं सत्यनारायण मौर, विक्रम सैनी, दिनेश मालपानी, राकेश खिलेरी आदि ने व्यवस्था में सहयोग कीया।

# किसान नेता केशाराम लेगा का निधन

जुगल किशोर



**हरसौर( नागौर डेली न्यूज ) :** निकटवर्ती राजस्व ग्राम गुलाबपुरा में किसान नेता केशाराम लेगा (85) का निधन हो गया। गांव की चौपाल में उनकी अलग पहचान थी। सैकड़ों लोगों की मौजूदगी में गाजे-बाजे के साथ उनकी अंत्येष्टि की गई। उनके निधन पर विधायक विजयपाल मिर्धा, पूर्व विधायक रिछपाल सिंह मिर्धा, पीसीसी सदस्य शिवपाल सिंह मातवा, रामवतार छाबा, बीसीएमओ डॉ रामकिशोर सारण, ग्राम विकास अधिकारी मुकेश चोयल, डॉ मुकेश खोजा, डॉ राजेश लेगा, डॉ रामनिवास बिंदा, जगदीश राम, रामदेव सांई, मिलापचंद कोथ, दयालपुरी गोस्वामी, रामचंद्र लेगा, किशोर लेगा सहित विभिन्न संगठनों से जुड़े लोगों ने शोक प्रकट किया हैं।




# मॉडर्न इग्लिंश स्कूल में राखी बनाओं प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** शहर के आसपुरा रोड पर स्थित एवं न्यू मॉडर्न एजुकेशन ग्रुप द्वारा संचालित मॉडर्न इग्लिंश स्कूल में आज सहशैक्षणिक गतिविधयों के अन्तर्गत राखी बनाओं प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रधानाध्यापक कमलेश कुमार ने जानकारी देते हुये बताया कि इस प्रतियोगिता में समस्त छात्र-छात्राओं द्वारा रक्षाबंधन के पुनीत अवसर पर अपने हाथो से विभिन्न प्रकार की राखियो का निर्माण किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियो द्वारा बनाई गई राखियां अत्यंत सुन्दर,कलात्मक व रचानात्मक थी। इस अवसर पर न्यू मॉडर्न एजुकेशन ग्रुप के निदेशक श्री देवीलाल कुमावत ने विद्यार्थियो को रक्षा बनघन की शुभकामना देते हुये चाइनीज राखियां के बहिष्कार का आव्हान किया व रक्षाबन्धन के त्यौहार को हर्ष के साथ मनाये जाने का आर्शिवाद दिया।

### ये रहे मौजूद

प्रतियोगिता प्रभारी नवीन राजोरिया ने बताया कि इस प्रतियोगिता में कक्षा प्रथम व द्वितीय के वर्ग में नेहरु हाउस की छात्रा तमन्ना ने प्रथम व छात्र धीरज ने द्वितीय व गॉधी हाउस की अनुष्का ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों की हौसला अफजाई हेतु, कल्पना कुमावत, नवीन राजोरिया, सुमन कुमावत, रितिका सोनी, उर्मिला सेनी, ज्येति शर्मा, रुचिका शर्मा, पुष्पा राठौड, नवरंग माथुर, मुकेश माथुर, लोकेन्द्र सिंह, मोहम्मद वकील, सांवरमल, धनसुख सैनी सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# जरुरतमंद मरीज को खून देकर निभाया इन्सानियत का फर्ज

## शेख नवाब अली, परमेश्वर सोनी, हैदर सोलंकी, आकाश शर्मा, मोहम्मद युनूस कारीगर व राजदीप सिंह की हुई सराहना

सद्दाम रंगरेज



**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** एक महिला के डिलीवरी करवाने के लिए रविवार को कुचामनसिटी के मारवाड़ जनाना हॉस्पिटल में भर्ती करवाया। मरीज को डॉक्टर द्वारा जांच करने पर पाया कि बच्चा पेट में ही खत्म हो गया है जल्दी ही ऑपरेशन कर बच्चे को बाहर निकालना पड़ेगा, साथ ही महिला में ब्लॅड की कमी बताते हुए जल्दी ही ब्लॅड की व्यवस्था करने को कहा मरीज के परिजन जब कुचामनसिटी के श्याम ब्लॅड बैंक में ब्लॅड लेने पहुंचे जब जॉच करने पर बताया कि मरीज के ब्लॅड का ग्रुप स्टॉक में उपलब्ध नहीं है। परिजन के ब्लड की भी जॉच करने पर ग्रुप नहीं मिलने पर उन्होंने समाज सेवक याकूब अली कुरैशी से सम्पर्क कर अपनी समस्या से अवगत करवाया तो उन्होंने सोशल मीडिया पर एक मेसेज वाइरल कर ब्लड ग्रुप के रक्तदाताओं से रक्तदान करने की अपील की व इस बाबत शहर की सामाजिक संस्था मुस्लिम एज्यूकेशनल एण्ड वेलफेयर सोसायटी से सम्पर्क किया तो सोसायटी के सदस्यों ने इस मेसेज को अन्य ग्रुपों में भेजकर तुरन्त श्याम ब्लॅड बैंक पहुंचकर इस ब्लॅड ग्रुप के रक्तदाताओं से सम्पर्क साधकर रक्तदान की अपील की। इस मैसेज को कुचामनसिटी निवासी समाज सेवक शेख नवाब अली, परमेश्वर सोनी, हैदर सोलंकी, आकाश शर्मा, मोहम्मद युनूस कारीगर व अजमेर निवासी राजदीप सिंह आदि युवाओं ने पढ़ कर तुरन्त श्याम ब्लड बैंक पहुँच कर रक्तदान कर जरुरत मंद को रक्त उपलब्ध करवाकर इन्सानियत का फर्ज अदा कर अपने आप को गौरवान्वित महसूस किया। श्याम ब्लड बैंक के व्यवस्थापक श्रीपाल सिंह रसाल, समाज सेवक याकूब अली कुरैशी, समाज सेवक इमदाद खान, मुस्लिम एज्यूकेशनल एण्ड वेलफेयर सोसायटी के सदर मोहम्मद शकील, मोहसीन कुरैशी, अय्यूब कुरैशी, जहाँगीर कुरैशी व मरीज के परिजनों ने सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर धन्यवाद व आभार जताया।

# स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर बैठक



इलियास खान

**रियांबड़ी( नागौर डेली न्यूज ) :** पंचायत समिति सभागार में बुधवार को स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर तहसीलदार की अध्यक्षता में बैठक रखी गई। तहसीलदार महेश कुमार शेषमा ने कहा कि आजादी के 75वें साल पर आयोजित होने वाले अमृत महोत्सव को लेकर स्वतंत्रता दिवस समारोह पूर्ण सावधानी बरतते हुए सरकार व प्रशासन द्वारा जारी हिदायतों की पालना करते हुए मनाया जाए। समारोह को सफलतापूर्वक सम्पन्न करवाने के लिए सभी विभाग आपसी तालमेल के साथ कार्य करे। तहसीलदार शेषमा ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे समारोह को सम्पन्न करवाने के लिए जारी हिदायतों की पालना करते हुए समय से पहले तैयारियां सुनिश्चित कर लें। उन्होंने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को समारोह स्थल पर सफाई व्यवस्था, बिजली, पेयजल, टेंट आदि व्यवस्थाओं के पूर्ण प्रबंध करने के भी उचित दिशा निर्देश दिए। तहसीलदार ने कहा कि इन कार्यों में किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक के दौरान तहसीलदार ने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में इस साल स्वतंत्रता दिवस के मौके पर 'हर घर तिरंगा' अभियान कार्यक्रम के तहत सभी सरकारी कार्यालयों एवं घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे।

**ये रहे उपस्थित :** इस दौरान सरपंच गिरधारीलाल माली, विकास अधिकारी भागीरथसिंह राठौड़, बीसीएमओ डॉ एसएस दिवाकर, प्रधानाचार्य रामगोपाल दाधिच, पशुपालन नोडल अधिकारी डॉ संदीप मिश्रा, सहायक कृषि अधिकारी हरेन्द्र तेतरवाल, आरपी भगवती प्रसाद टेलर, आईटी सूचना सहायक करण झुंझाडिया, चन्द्रशेखर पाराशर, इमरान हुसैन आदि मौजूद थे।

# कुचामन के कांग्रेसियों ने लिया पदयात्रा में भाग

सद्दाम रंगरेज



**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार आजादी के गौरव पदयात्रा के दौरान आजादी के 75वीं वर्षगांठ पर जिलाकांग्रेस कमेठी, नागौर के जिला अध्यक्ष जाकिर हुसैन गैसावत व जायल विधायक, मंजू मेघवाल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों जनप्रतिनिधियों के द्वारा 75 किलोमीटर की पदयात्रा की जा रही है। इसके तहत 9 अगस्त को 9 बजे नागौर से रवाना होकर 11 तारीख को शाम को मकराना तहसील के मनाना गांव में इस पदयात्रा का समापन होगा। इसके तहत 10 अगस्त को संजू से खाटू तक की पदयात्रा में नावां विधानसभा क्षेत्र से उप मुख्य सचेतक महेन्द्र चौधरी के निर्देशानुसार कुचामन नगर परिषद के सभापति आसिफ खान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शेरखान जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव बुद्धाराम चौधरी मनोनीत पार्षद भंवर अली खान, उदयसिंह खारिया सहित अनेक कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने पदयात्रा में भाग लिया।

# नगर निगम जयपुर 1 लाख घरों पर लगवाएगा तिरंगा

जयपुर।

आजादी के अमृत महोत्सव के तहत देशभर में घर-घर तिरंगा, हर घर तिरंगा यात्रा अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत जयपुर नगर निगम ग्रेटर की ओर से भी आज तिरंगा यात्रा निकाली। नगर निगम मुख्यालय से अमर जवान ज्योति तक निकाली गई इस रैली में जगह-जगह पर ड्रोन से पुष्प वर्षा की गई। इस मौके पर नगर निगम ग्रेटर की मेयर डॉ. सौम्या गुर्जर ने कहा कि निगम की ओर से जयपुर में 1 लाख घरों पर तिरंगा लगवाया जाएगा।

# लॉयंस क्लब ने घर-घर जाकर बांटे तिरंगे

सद्दाम रंगरेज



**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** आजादी के अमृत महोत्सव के तहत लायंस क्लब कुचामन सिटी द्वारा आयोजित देशभक्ति सेवा पखवाड़ा के तहत बुधवार को वार्ड संख्या 26, वार्ड संख्या 32 व वार्ड संख्या 33 में तिरंगा वितरण किया गया। लॉयंस क्लब प्रांत 3233-2 के उपप्रांतपाल द्वितीय लॉयन श्याम सुंदर मंत्री ने बताया कि आज़ादी के 75 वें वर्ष को लॉयंस क्लब अमृतमहोत्सव के रूप में मना रहा है और हर घर तिरंगा अभियान के तहत 2000 झंडों का वितरण कर रहा है।

लॉयंस क्लब अध्यक्ष लॉयन मुकेश डालुका ने बताया कि लॉयन साथियों ने वार्ड 26 पार्षद लॉयन अंकित डालुका, वार्ड 32 पार्षद सुरेश सिखवाल व वार्ड 33 पार्षद आयुब शेख़ के साथ हर घर तिरंगा अभियान के तहत वार्ड के प्रत्येक घर-प्रतिष्ठान पर जाकर तिरंगा वितरण किया। सचिव लॉयन मनोज अग्रवाल ने सभी को अपने घरों में 13 से 15 अगस्त तक तिरंगा लगाने की अपील की। कुचामन पुस्तकालय के अध्यक्ष नटवर लाल वक्ता ने लॉयंस क्लब के इस तिरंगा अभियान की प्रशंसा करते हुवे इसे शहर में एक अनूठी पहल बताया। श्याम सखा परिवार के अध्यक्ष लॉयन शुभम मंडावाला ने बताया कि लॉयंस क्लब कुचामन ने नयाशहर, घाटी कुवाँ, कामदारों का मोहल्ला, पण्ड्याचौक, सदर बाज़ार, पलटनगेट का माहोल तिरंगामय कर दिया। वार्ड पार्षदों ने अपने अपने वार्ड के नागरिकों की तरफ़ से लॉयंस क्लब की इस मुहिम के लिए प्रसंशा कर धन्यवाद व्यक्त किया। लॉयन हेमराज पारीक ने बताया कि जेसे ही वार्ड में लॉयंस क्लब का तिरंगा रथ पहुँचा तो उसमें बज रहे देशभक्ति गानों के साथ ही लोग घरों से बाहर आए, और तिरंगा पाने के लिए उत्साहित नज़र आए। प्रत्येक वार्ड का नज़ारा देखने लायक़ था। पार्षद लॉयन अंकित डालुका , पार्षद सुरेश सिखवाल व पार्षद आयुब शेख़ ने कहा कि लॉयन्स क्लब के कार्य अनुकरणीय है और देशभक्ति पखवाड़ा निःसंदेह अत्यन्त प्रशंसनीय है। कार्यक्रम संयोजक लॉयन संजय मौर ने बताया कि इस अवसर पर वीडीजी द्वितीय लॉयन श्याम सुंदर मंत्री, संभागीय अध्यक्ष लॉयन श्याम सुंदर सैनी, क्लब अध्यक्ष लॉयन मुकेश डालुका, सचिव मनोज अग्रवाल, लॉयन संजय मोर, लॉयन शुभम मंड़ावाला, व पार्षद आयुब शेख़, पार्षद अंकित डालुका, पार्षद सुरेश सिखवाल, वार्डवासी, अनिल डालुका, सुनील शेखराजका, विशाल डालुका, व श्याम सखा परिवार से शुभम अग्रवाल, कृष्णा मौर, करनीप्रताप, सम्पत बगड़िया आदि मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि लॉयन्स क्लब द्वारा अमृत महोत्सव के तहत देशभक्ति से ओतप्रोत 15 दिवसीय कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 15 अगस्त की संध्या पर कुचामन वैली परिवार के सहयोग सा वैली परिसर में लॉयंस क्लब द्वारा विशाल कवि सम्मेलन का का आयोजन किया जाएगा।

# भाजपा ओबीसी मोर्चा देहात ने चार सौ तिरंगे किए वितरित



सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** भाजपा ओबीसी मोर्चा, नागौर देहात के तत्वाधान में आजादी का अमृत महोत्सव घर-घर तिरंगा, हर घर तिरंगा अभियान का आदर्श महाविद्यालय प्रांगण में सैकड़ों छात्र-छात्राओं शिक्षकों व कर्मचारियों को चार सौ तिरंगे वितरित कर अभियान का आगाज किया गया। भाजपा ओबीसी मोर्चा, नागौर देहात के जिलाध्यक्ष डॉ.राजाराम प्रजापति ने बताया कि आजादी का अमृत महोत्सव 'घर-घर तिरंगा' 'हर घर तिरंगा' अभियान 13 अगस्त से 15 अगस्त पूरे भारतवर्ष में मनाया जा रहा है। प्रजापति ने बताया कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करोड़ों भारतीयों में स्वतंत्रता का भाव तथा देश प्रेम की भावना भारतीयों में जागृत करने का काम किया है। उन्होंने छात्र-छात्राओं,युवाओ को तिरंगा को फहराने,सहजने व तिरंगे के ऐतिहासिक पक्ष के बारे में बताया। भाजपा ओबीसी मोर्चा नागौर देहात जिले में इक्कीस सौ तिरंगे घर-घर पहुंचाएगी।

### हमारी आन, बान व शान है तिरंगा : योगेश जाखड़

इस अवसर पर आदर्श शिक्षण संस्थान के निदेशक योगेश कुमार जाखड़ ने कहा की तिरंगा हमारी आन, बान व शान है। उन्होंने युवाओं को आह्वान किया कि तिरंगे के गौरव को कभी कम ना होने देना।उन्होंने अभियान के तहत 'तिरंगा विद फैमिली सेल्फी' लेना हैं । 'तिरंगा विद फैमिली सेल्फी' की तीन सर्वश्रेष्ठ फोटो को पारितोषिक देकर सम्मान करने की घोषणा की। आदर्श महाविद्यालय प्रांगण में सैकड़ों छात्र-छात्राओं के हाथों में तिरंगे के साथ 'जय भारत, वंदे मातरम' के नारों से गुंजायमान हो गया।

तिरंगा अभियान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला प्रमुख भागीरथ चौधरी पूर्व विधायक हरीश कुमावत, समाजसेवी रामदेव सियोटा, देवीलाल दादरवाल, सरपंच खारिया, प्राचार्य डॉ. गौरीशंकर निमिवाल ओबीसी जिला उपाध्यक्ष बजरंगलाल गुर्जर शंकरलाल मंडावरिया, मुकेश ढाका निशिकांत छिंपा, अश्विनी कुमार यादव कुनाराम बेडा, मंजू चौधरी, अनिल कुमार सेन, कंचन कंवर, शशांक शर्मा, कृष्णा कुमावत, चंचल कसेरा, इंद्रा बुगालिया, सुमन चौधरी, प्रिया गोयल, मनु गोठवाल, कैलाशचंद, सवाईराम, नेमीचंद मौसलपुरिया, राजू देवी, विष्णुकुमार सहित सैकड़ों छात्र-छात्राओं, शिक्षकगणों व कर्मचारियों ने भाग लिया।

# बलात्कार के आरोप में नामजद आरोपी गिरफ्तार

## आरोपी को जारोड़ा से किया गिरफ्तार

एजाज अहमद उस्मानी



**मेड़ता रोड( नागौर डेली न्यूज ) :** नागौर पुलिस अधीक्षक राममूर्ति जोशी द्वारा महिला संबंधी अपराधों की रोकथाम के लिए चलाए गए अभियान के तहत तुरंत कार्यवाही करते हुए मेड़ता रोड पुलिस ने बलात्कार के आरोप में एक नामजद आरोपी को गिरफ्तार किया है। मेड़ता रोड थाना अधिकारी राजपाल सिंह यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि एक महिला ने 2 अगस्त को थाने में उपस्थित होकर आरोपी पर बलात्कार का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। इस पर मेड़ता रोड़ थाना अधिकारी ने हेड कांस्टेबल रामनिवास, कांस्टेबल विक्रम सिंह, राजूराम व भागीरथ आदि की एक टीम तैयार करते हुए आरोपी ईश्वर राम पुत्र निंबाराम जाति जाट उम्र 40 साल निवासी को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपी से घंटा से पूछताछ कर रही है।

# भाम्बू ने जन्मदिन पर विद्यालय में तिरंगे के साथ बांटी पाठ्य साम्रगी

अ.रहमान देवड़ा



**मूण्डवा( नागौर डेली न्यूज )।** आज के इस समय अक्सर लोग अपना जन्मदिन पार्टिया में फिजूल खर्चा करके मनाते है लेकिन इस बात को मध्य नजर रखते हुए ढाढ़रिया कला निवासी दिनेश भाम्बू मुंडवा ब्लॉक सरपंच संघ के मीडिया प्रभारी ने अपना जन्मदिन विधायल के बच्चो के बीच मनाया भाम्बू ने कहा हर इंसान को फिजूल खर्चा करने के बजाय स्कूल में गरीब विधार्थियों की सहायता करके या अस्पताल में मरीजों का सहयोग करके जन्मदिन मनाना चाहिए वही भाम्बू ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ढाढ़रिया कला में विद्यार्थियों को तिरंगे झंडे वितरित किए 7 वही विद्यालय के विद्यार्थियों के लिए पाठ्य सामग्री वितरित की 7 इस दौरान भाम्बू गरीब परिवार के विद्यार्थी जो स्काउट की पोशाक नही खरीद पा रहे है उनको पोशाके वितरण करने की घोषणा की इस दौरान विद्यालय के विद्यार्थियों ने ताली बजाकर अभिवादन किया वही विद्यालय के प्राधानाचार्य दिनेश चंद्र मिर्धा ने भाम्बू का आभार व्यक्त किया।

# डिस्कॉम अधिकारियों की बैठक आयोजित

## डेगाना, सांजू, और भैरून्दा के अधिकारी रहे मोजूद

शौकत खान



**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** विद्युत विभाग के अधिक्षण अभियंता फैलीराम मीणा ने डेगाना अधिशाषी कार्यालय में आयोजित डिविजन स्तर की मीटिंग में एईएन ओर जेईएन सहित राजस्व अधिकारियों को विभाग के निर्देशों की पालना करने तथा बिजली की छीजत रोकने, बिजली चोरी रोकने तथा विभाग की बकाया राशि को वसूलने के सख्त निर्देश दिये। मीणा ने बताया की बकाया वसूली के लापरवाही बरते जाने पर अधिकारियो के खिलाफ भी कार्रवाही की जा सकती है। बैठक मे मीणा ने कहा कि बकाया राशि नही देने वाले उपभौक्ताओं के विद्युत कनेक्सन तुरंत प्रभाव से काटें जाये। इसमे शिथिलता नहीं बरते साथ ही शहर ओर गांवों में लगे बिजली के मीटरों को बक्सों मे लगाने के निर्देश दिये। इसके अलावा केबल आपरेटर द्वारा बिजली के पोल पर लगाये तारों का भी नियमानुसार राशि बसूली करने की हिदायत दी। बैठक में एससी फैलीराम मीणा, अधिषाशी अधिकारी सुभाष चौधरी, एईएन ओम प्रकाश बाना डेगाना, मधुर जैन, कैलाशभाकर सांजू, विजय भाटी, सुरेन्द्र, विरेन्द्र रेवाडिया,सतपाल, गजेन्द्र सहित जेईएन ओर अधिकारियों ने भग लिया।

# कुचेरा पालिकाध्यक्ष ने गौशाला का किया निरीक्षण



महबूब खोखर

**कुचेरा( नागौर डेली न्यूज ) :** कस्बे के नागौर रोड स्थित महादेव गौशाला का मंगलवार को नगरपालिका अध्यक्ष तेजपाल मिर्धा द्वारा निरीक्षण किया गया और गौवंशों के रख-रखाव की स्थिति देखी। पालिकाध्यक्ष मिर्धा ने राजकीय पशु चिकित्सालय प्रभारी डॉक्टर रामस्वरूप तोषनीवाल, वीए प्रेमचंद सारण एलएसए राजेंद्र डूकिया को आवश्यक दिशा निर्देश दिए तथा बिमार गायों के लिए अलग से उनका उपचार करने को कहा। गौशाला अध्यक्ष प्रेमाराम कड़वासरा, कोषाध्यक्ष प्रकाश रिणवा, भूराराम, दिनेश, रामलाल मारुका, रामकुवार बांगड़ा, अजयपाल डूकिया, तेजाराम, नरेंद्र सिंघाटिया, ओमप्रकाश शर्मा, लोकेश कड़वासरा, अजय जोशी,रामकुमार मारूका,रामरतन डूकिया, ओमप्रकाश अजयपाल डूकिया,विश्वेन्द्र राजावत आदि को गौशालाओं, गौचर व आवारा गौवंश का सर्वे कर रोग से ग्रसित पशुओं के प्रभावी उपचार के दिशा निर्देश दिए तथा निकटवर्ती ग्राम अडवड में पालिकाध्यक्ष मिर्धा द्वारा गायों के रोग के लिए फायर ब्रिगेड के द्वारा स्प्रे किया।

# भामाशाहों ने पशु चिकित्सालय मे भेंट की दवाईयां



अ.रहमान देवड़ा

**मूण्डवा( नागौर डेली न्यूज )।** गौ वंश मे भयानकता का रूप ले रही बीमारी लम्पी डिजिज के बचाव के लिए भामाशाहो ने पशु चिकित्सालय में दवाइयां भेट की, जिससे गौवंश में संक्रमित होने वाली बीमारी से छुटकारा पाया जा सके।

ब्लॉक अधिकारी डॉ. रामजीत भाटी ने बताया कि मुडवा ब्लॉक मे प्रतिदिन संक्रमित गौवंश का आकडा बढ रहा है, और बीमारी अपना भयानक रूप ले रही है। इस दौरान भामाशाह ट्रासपोर्ट यूनियन मुडवा के अध्यक्ष तुकाराम ईनाणिया घनश्याम सदावत पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष, ने दवाईयां भेट कर हर सम्भव मदद का आश्वासन दिया उनके साथ पूर्व उपाध्यक्ष मनोज कुमार, दिनेश सैन, ओमप्रकाश भोपालगढ़, पन्ना राम, अम्बुजा फाउंडेशन के गब्बर सिंह भी साथ रहे। चिकित्सालय स्टॉफ मोहन राम रामलाल कडवासरा, सुनिता ने भामाशाहों का धन्यवाद ज्ञापित किया और साथ ही आगे भी सहयोग की आशा की, जिसमें पूर्व अध्यक्ष सदावत व उनकी टीम ने आश्वासन दिया पहले भी नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि सुभाष कदोई ने भी लगभग 30 हजार की दवाईयां दो बार भेट कर चुके है उनको भी चिकित्सालय स्टाफ ने धन्यवाद दिया।

# शहीद किस्तुराराम की पुण्यतिथि पर तिरंगा अभियान का हुआ शुभारंभ

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** कुचामनसिटी के निकटवर्ती ग्राम पंचायत नगवाड़ा के गांव मोतीपुरा में शहीद कस्तूराराम मावलिया की 21वीं पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। इस अवसर पर आजादी का अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा अभियान का शुभारंभ किया गया। नगवाड़ा सरपंच मनोज लोरा ने बताया कि शहीद स्मारक पर झंडारोहण कर राष्ट्रगान व शहीद प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित किए व वक्ताओं ने देशभक्ति की भावना जागृत करने के लिए उपस्थित लोगों को प्रेरित किया। सरपंच संघ अध्यक्ष धनाराम फौजी, रामनिवास बुगालिया, हरदेव गढ़वाल हरेंद्र मावलिया, प्रदीप कीलका व ग्राम विकास अधिकारी प्रकाश धायल ने श्रद्धांजलि सभा को संबोधित किया। तत्पश्चात 200 तिरंगा झंडो का वितरण किया गया व शहीद के पिता श्री शैतान मावलिया का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

# बैंक से 14 लाख रुपए गबन करने के आरोप में एक गिरफ्तार

## आरोपी को मेड़ता रोड पुलिस ने मेड़ता रोड से ही किया गिरफ्तार

एजाज अहमद उस्मानी




**मेड़ता रोड( नागौर डेली न्यूज ) :** मेड़ता रोड पुलिस ने इंडसइंड बैंक से 14 लाख रुपए गबन करने के आरोप में एक नामजद आरोपी को गिरफ्तार किया है। मेड़ता रोड थाना अधिकारी राजपाल सिंह यादव ने बताया कि आरोपी मदनलाल पुत्र अर्जुन राम जाति जाट उम्र 31 वर्ष, निवासी रोडू पुलिस थाना जसवंतगढ़ मेड़ता रोड के इंडसइंड बैंक में संगम मैनेजर के पद पर कार्यरत था। आरोपी ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए बैंक से 14 लाख रुपए का गबन किया है। उक्त आशय की रिपोर्ट प्रार्थी शक्ति सिंह पुत्र शंभू सिंह उम्र 27 साल जाति राजपूत निवासी पलाड़ा कुचामन सिटी ने 28 अगस्त को थाने में उपस्थित होकर दर्ज कराई थी। जिसके तहत मेड़ता रोड थाना अधिकारी राजपाल सिंह ने हेड कांस्टेबल जगदीश सिंह, कांस्टेबल विक्रम सिंह व राजूराम आदि की एक टीम बनाकर आरोपी की तलाश शुरू की तथा आरोपी को मेड़ता रोड से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस आरोपी से गहनता से पूछताछ कर रही है।

# जयपुर में 10वीं की स्टूडेंट छत से कूदी, मौत

जयपुर।

जयपुर के पॉश इलाके सिविल लाइंस में 10वीं की छात्रा ने छत से कूदकर सुसाइड कर लिया। बुधवार सुबह नव्या सहगल (15) की लाश घर के पास ही बने सामुदायिक केंद्र में पड़ी मिली। रात करीब 1.30 बजे नव्या मोबाइल यूज कर रही थी तो बड़े भाई तन्मय ने उसे फोन छोड़कर सो जाने के लिए कहा था। सोडाला थाना सीआई सतपाल ने बताया कि नव्या को सोने का कहकर भाई अपने रूम में चला गया था।




स्वत्वाधिकारी प्रकाशक, मुद्रक एंव संपादक सद्दाम द्वारा नेशनल प्रिंटर्स, लोहा मंडी, डीडवाना से मुद्रित तथा घाटी कुआँ, छीपा मोहल्ला, कुचामनसिटी, जिला नागौर (राज.) से प्रकाशित। मोबाइल नम्बर 7737211664 Email-nagaurdaily0@gmail.com